# जूनियर ग्रुप में अक्षित, सीनियर में प्रियांशी प्रथम




गोहाना मुद्रिका, 21 जुलाई : भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल में सोमवार को पठन-पाठन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में पहली से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रिंसिपल डॉ. सरोज सिंह के अनुसार प्रतियोगिता दो ग्रुप में कराई गई। इसके जूनियर ग्रुप का संचालन मीना कुमारी और सीनियर का सरिता देवी ने किया। इस ग्रुप में कक्षा तीसरी से छात्र अक्षित प्रथम, पांचवी से भव्या द्वितीय और चौथी से रितेश तृतीय रहे। सीनियर ग्रुप में आठवीं कक्षा से प्रियांशी प्रथम, नौवीं से मानसी द्वितीय और 10वीं रितिका तृतीय रहीं।

पंजाब केसरी
TUE,22 JULY 2025
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 1




पठन-पाठन प्रतियोगिता के विजेता बच्चे। (अरोड़ा)

# पठन-पाठन प्रतियोगिताः जूनियर ग्रुप में अक्षित, सीनियर में प्रियांशी प्रथम

गोहाना, 21 जुलाई (अरोड़ा): भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल में सोमवार को पठन-पाठन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में पहली से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

प्रिंसीपल डॉ. सरोजसिंह के अनुसार प्रतियोगिता 2 ग्रुप में कराई गई। इसके जूनियर ग्रुप का संचालन मीना कुमारी और सीनियर का सरिता देवी ने किया। इस ग्रुप में कक्षा तीसरी से छात्र अक्षित प्रथम, 5वीं से भव्या द्वितीय और चौथी से रितेश तृतीय रहे। सीनियर ग्रुप में 8वीं कक्षा से प्रियांशी प्रथम, 9वीं से मानसी द्वितीय और 10वीं रितिका तृतीय रहीं। उन्होंने विजेताओं को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

प्रिंसीपल डॉ. सरोज सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को पठन-पाठन को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए, क्योंकि इससे हमारा उच्चारण शुद्ध होता है। इसके साथ ही शब्द भंडार विकसित होता है और व्यक्तित्व में भी निखार आता है।

# बीपीएस महिला यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल में पठन-पाठन प्रतियोगिता का आयोजन

**पल पल न्यूज: गोहाना/ खानपुर कलां, 21 जुलाई (अनिल जिंदल)।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में स्थित यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल में पठन -पाठन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पहली से बारहवीं कक्षा के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जानकारी देते हुए स्कूल की प्राचार्य डॉ सरोज सिंह ने बताया कि यह प्रतियोगिता दो ग्रुप में करवाई गई। जूनियर ग्रुप का संचालन श्रीमती मीना कुमारी के द्वारा और सीनियर ग्रुप का संचालन श्रीमती सरिता देवी के द्वारा किया गया। जूनियर ग्रुप में कक्षा तीसरी से छात्र अक्षित प्रथम स्थान पर रहे जबकि पांचवी कक्षा से कुमारी भव्या ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया वहीं कक्षा चौथी के छात्र रितेश ने तृतीय स्थान प्राप्त कर बाजी मारी। डॉ सरोज सिंह ने बताया कि सीनियर ग्रुप में आठवीं कक्षा की छात्रा कुमारी प्रियांशी प्रथम स्थान पर रही। नौवीं कक्षा की छात्रा कुमारी मानसी ने द्वितीय और कक्षा दसवीं की छात्रा कुमारी रितिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।




पठन-पाठन प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते हुए प्राचार्य।

# पठन-पाठन प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

गोहाना, 21 जुलाई (रामनिवास धीमान): खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में स्थित यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल में स्कूल की प्राचार्य डॉ. सरोज सिंह की अध्यक्षता में आज पठन-पाठन प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें पहली से बारहवीं कक्षा के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्य डॉ. सरोज सिंह ने बताया कि यह प्रतियोगिता दो ग्रुप में करवाई गई। जूनियर ग्रुप का संचालन मीना कुमारी के द्वारा और सीनियर ग्रुप का संचालन सरिता देवी के द्वारा किया गया। जूनियर ग्रुप में कक्षा तीसरी से छात्र अक्षित प्रथम, पांचवी कक्षा से कुमारी भव्या ने द्वितीय वहीं कक्षा चौथी के छात्र रितेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डॉ. सरोज सिंह ने बताया कि सीनियर ग्रुप में आठवीं कक्षा की छात्रा कुमारी प्रियांशी प्रथम, नौवीं कक्षा की छात्रा कुमारी मानसी ने द्वितीय और कक्षा दसवीं की छात्रा कुमारी रितिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मौके पर साभिविजेताओं को प्राचार्य द्वारा सम्मानित किया गया। प्राचार्य ने कहा कि विद्यार्थियों को पठन-पाठन को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए, क्योंकि इससे हमारा उच्चारण शुद्ध होता है ,शब्द भंडार विकसित होता है तथा व्यक्तित्व में भी निखार आता है।

# पठन-पाठन प्रतियोगिता में अक्षित व प्रियांशी रहे प्रथम




**गोहाना|** बीपीएस महिला विवि में स्थित यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल में सोमवार को पठन-पाठन प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में पहली से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया। स्कूल प्राचार्य डॉ. सरोज सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता दो ग्रुप में कराई गई। जूनियर ग्रुप का संचालन मीना कुमारी और सीनियर का सरिता देवी ने किया। प्रतियोगिता के जूनियर ग्रुप में बेहतर प्रदर्शन करने पर कक्षा तीसरी से छात्र अक्षित प्रथम, पांचवीं से भव्या द्वितीय और चौथी से रितेश तृतीय रहे। सीनियर ग्रुप में आठवीं कक्षा प्रियांशी प्रथम, नौवीं से मानसी द्वितीय और 10वीं रितिका तृतीय रहीं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को पठन-पाठन को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए, क्योंकि इससे हमारा उच्चारण शुद्ध होता है। व्यक्तित्व में निखार आता है।

# पठन-पाठन में छात्राओं ने दिखाई अपनी प्रतिभा

गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल में पठन-पाठन प्रतियोगित्ता आयोजित की गई। प्राचार्य डा. सरोज सिंह के अनुसार प्रतियोगिता जूनियर व सीनियर वर्ग में करवाई गई। जूनियर वर्ग का संचालन मीना कुमारी व सीनियर वर्ग का संचालन सरिता देवी ने किया। जूनियर वर्ग में तीसरी कक्षा से अक्षित प्रथम, पांचवीं कक्षा से भव्या ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा चौथी से रितेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में आठवीं की प्रियांशी प्रथम स्थान पर रही। नौवीं कक्षा की मानसी ने द्वितीय और कक्षा 10 वीं की रितिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य ने कहा कि विद्यार्थियों को पठन-पाठन को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए।